## सार समाचार

### कुमारी वेदिका नामदेव का सुयश



**पन्ना, देशबन्धु।** माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा शनिवार को जारी 10 वीं कक्षा का परीक्षा परिणाम घोषित कर दिया गया। जिसमें पन्ना जिले के अरंविदो हायर सेकेन्डरी स्कूल की छात्रा कुमारी वेदिका नामदेव पिता विनोद नामदेव ने 10वीं कक्षा में 249/300, 83 प्रतिशत अंक प्राप्त कर अपने विद्यालय का नाम रोशन किया है। वेदिका ने बताया है की हमारी सफ्लता एवं मेहनत मेरे माता पिता तथा गुरूजनों का योगदान रहा है। कुमारी वेदिका की सफ्लता पर विद्यालय के प्राचार्य शिक्षक परिवार के सदस्यो ने बधाई देते हुए उज्जवल भविष्य की कामना की है।

### बेवफा पत्नी की गलाघोंट कर की हत्या, आरोपी पति गिरफ्तार

***बमीठा, देशबन्धु।*** अपने चचेरे ससुर के साथ घर से भागी महिला को उसकी बहन ने समझा-बुझाकर पति के घर भिजवा दिया लेकिन पति उसे दिल से स्वीकार नहीं कर सका। यही वजह है कि मौका पाकर पति ने पत्नी की गला दबाकर पहले हत्या की और इसके बाद रात में ही उसने पत्नी का अंतिम संस्कार कर दिया। अवैध संबंधों के कारण पत्नी की जान लेने वाले पति को परिवार के सदस्यों ने ही पकड़कर पुलिस के हवाले कर दिया है।

पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक बमीठा थाना क्षेत्र के ग्राम पीरा में पत्नी के चचेरे चाचा से अवैध संबंध होने के कारण बालकिशन रैकवार ने पत्नी की गला दबाकर हत्या कर दी। घटना की जानकारी लगने पर बमीठा थाना प्रभारी दिलीप पांडे, एसडीओपी मनमोहन सिंह बघेल और एफएसएल टीम मौके पर पहुंची थी। उधर एसपी सचिन शर्मा ने भी घटना स्थल का जायजा लिया। परिवार के सदस्यों द्वारा हत्यारोपी युवक को पुलिस के हवाले कर दिया गया। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज कर लिया है।

***यह है मामला***

बमीठा थानांतर्गत ग्राम पीरा के रहने वाले बालकिशन रैकवार की पत्नी गत 22 तारीख को अपने चचेरे ससुर के साथ भाग गई थी। बालकिशन ने थाने में शिकायत की जिस पर पुलिस ने गुम इंसान कायम किया था। दो दिन पहले गुरुवार को उसकी बड़ी बहन कृष्णा उसे समझा-बुझाकर उसके पति बालकिशन के पास पीरा छोड़ गई। बालकिशन और उसकी पत्नी बच्चों के साथ खेत में बनी टपरिया में रहने चले गए थे। शुक्रवार की रात अचानक बालकिशन के दिमाग में न जाने कौन सी फितरत जाग उठी कि उसने अपनी पत्नी का तार से गला घोंटकर उसे मौत के घाट उतार दिया और रात में ही खेत में शव को जला दिया। बालकिशन ने अपने परिवार के सदस्यों को बताया कि सोनू और उसकी पत्नी ने उसकी हत्या करने की कोशिश की थी लेकिन उसने पत्नी को मार दिया है जबकि चाचा ससुर वहां से भाग गया। बालकिशन के दो बेटे हैं। 5 साल का अनमोल अपने दादा के साथ घर में सोया था जबकि 3 साल का कार्तिक बालकिशन के साथ ही सोया था। र दी है।

### संजय बने चौरसिया महासभा के प्रदेश प्रवक्ता


**छतरपुर, देशबन्धु।** अखिल भारतीय चौरसिया महासभा के द्वारा अखिल भारतीय चौरसिया महासभा के प्रदेश अध्यक्ष चौरसिया राजेश महतों ने समाज सेवी संजय चौरसिया को



प्रदेश प्रवक्ता नियुक्त किया है। साथ ही महासभा आपसे आशा करती है कि आप पूर्ण कर्त्तव्यनिष्ठा के साथ महासभा एवं समाज कार्य को आगे बढ़ाने में सहयोग प्रदान करेंगे। संजय चौरसिया को प्रदेश प्रवक्ता बनने पर उनके शुभचिंतकों एवं ईष्ट मित्रों ने शुभकामनाएं दी हैं।

## एमपी बोर्ड 10वीं का परीक्षा परिणाम घोषित....

# प्रावीण्य सूची में गांव की बेटियों का दबदबा











**नौगांव के हर्षवर्धन चौबे व अलीपुरा के प्रमोद श्रीवास ने प्रदेश की प्रावीण्य सूची में पाया 7 वां स्थान, तो तान्या सिंह ने प्रदेश में बनाया 10 वां स्थान, 2 साल पहले 2018 में बहन दीप शिखा ने भी प्रदेश की मैरिट में पाया था 7 वां स्थान।**

**नौगांव, देशबन्धु।** नगर के सरस्वती उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में कक्षा 10वीं में पढ़ने वाले छात्र हर्षवर्धन चौबे ने शनिवार की जारी हुए परीक्षा परिणाम में प्रदेश की प्रावीण्य सूची में 7वां स्थान पाकर अपने परिवार के साथ नगर सहित जिले का नाम प्रदेश में रोशन किया है। इत्तिफाक कहें या संयोग कि दो साल पहले 2018 में भी हर्षवर्धन चौबे की बड़ी बहन दीप शिखा चौबे ने भी प्रदेश की प्रावीण्य सूची में 7 वां स्थान पाया था।

माध्यमिक शिक्षा मंडल बोर्ड भोपाल द्वारा शनिवार को जारी किये गए दसवी के घोषित परीक्षा परिणाम में नगर के सरस्वती उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में कक्षा 10वीं में पढ़ने वाले छात्र हर्षवर्धन चौबे ने 400 में से 396 प्रदेश की मैरिट सूची में 7 वां स्थान पाकर पूरे प्रदेश में नगर सहित जिले का नाम रोशन किया है। तो वहीं अलीपुरा के शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में पढने वाले बड़ागांव निवासी प्रमोद श्रीवास ने भी 400 में से 396 अंक लाकर प्रदेश में सातवां स्थान अर्जित किया। इसके अलावा अलीपुरा में स्थित शासकीय कन्या हाई स्कूल में पढने वाली तान्या सिंह ने भी 400 में से 394 अंक पाकर प्रदेश की मैरिट सूची में 10 वां स्थान पाया है।

शनिवार को घोषित हुए हाई स्कूल के परीक्षा परिणाम में शहर के गल्ला मंडी क्षेत्र में रहने वाले पेशे से शिक्षक मनोज कुमार चौबे के घर अचानक से बधाइयाँ आने लगी। मनोज कुमार चौबे के बेटे हर्षवर्धन चौबे ने घोषित परीक्षा परिणाम में 400 में से 396 अंक पाकर प्रदेश की मैरिट सूची में संयुक्त रूप से सातवां स्थान पाकर अपने नगर, जिले सहित स्कूल एवं परिवार का नाम पूरे प्रदेश में रोशन किया है। नगर के गल्ला मंडी क्षेत्र में रहने हर्षवर्धन चौबे की माँ सरोज चौबे गृहणी हैं तो वहीँ पिता मनोज कुमार चौबे शासकीय शिक्षक हैं। प्रदेश की मैरिट सूची में सातवां स्थान पाने वाले हर्षवर्धन चौबे आगे चलकर आईएएस बनकर देश की सेवा करना चाहता है। तो वहीँ हर्षवर्धन चौबे की बड़ी बहन दीप शिखा चौबे भी दो साल पहले सरस्वती स्कूल में पढ़ते हुए 2018 में प्रदेश की प्रावीण्य सूची में 7 वां स्थान पाया था।

अलीपुरा पर्यटक ग्राम अलीपुरा क्षेत्र के शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के छात्र प्रमोद श्रीवास पिता गोविंद दास श्रीवास निवासी बड़ागांव ने हाई स्कूल परीक्षा परिणाम में प्रदेश की मेरिट सूची में 396 अंक पाकर सातवां स्थान प्राप्त किया ग्रामीणों ने गरीब छात्र के घर पहुंच कर शुभकामनाएं दी छात्र प्रमोद श्रीवास के माता श्रीमती सावित्री श्रीवास पिता गोविंदा श्रीवास मात्र 2 बीघा जमीन के भूस्वामी है इस कारण वे महानगरों में जाकर मजदूरी करते हैं छात्र दादा दादी के साथ एक कच्ची अटारी में रहकर पढ़ाई करता था बड़ागांव से 5 किलोमीटर अलीपुरा साइकिल से जा कर अध्यापन का कार्य करता था छात्र के माता-पिता ने ईश्वर का धन्यवाद किया और बच्चे की सफलता के लिए भगवान की कृपा बताया वही हाई सेकेंडरी स्कूल के प्राचार्य हफीज खान एवं वरिष्ठ व्याख्याता आरके जैन ने छात्र को बधाई दी एवं उज्जवल भविष्य के लिए आशीर्वाद प्रदान किया संस्था के प्राचार्य हफीज खान ने कहा की ऐसे होनहार छात्रों से स्कूल एवं गांव का नाम रोशन होता है आगे भी स्कूल की पढ़ाई में और अधिक सुधार किया जाएगा।

अलीपुरा पर्यटक ग्राम अलीपुरा क्षेत्र के शासकीय कन्या हाई स्कूल की छात्रा कुमारी तान्या सिंह पिता कुलविंदर सिंह निवासी अलीपुरा ने हाई स्कूल परीक्षा परिणाम में 394 अंक प्राप्त कर प्रदेश प्रावीण्य सूची में दशवां स्थान प्राप्त कर गांव एवं स्कूल का गौरव बढ़ाया छात्रा के घर पहुंचे कन्या हाई स्कूल के प्रभारी प्राचार्य अजय त्रिपाठी शिक्षक पूर्णिमा चतुर्वेदी शेख करीम एवं प्रमोद कोरी ने आशीर्वाद स्वरुप शुभकामनाएं दी बता दें छात्रा तान्या सिंह के दादा बहादुर सिंह गौर हिंदी विषय के व्याख्याता रहे हैं। छात्रा ने बताया की दादा जी ने हमेशा पढ़ाई करने के लिए मेरा हौसला बढ़ाया है जिससे मैं 4 से 5 घंटे पढ़ाई करती थी इसी के परिणाम स्वरूप मुझे सफलता प्राप्त हुई है जिसमें हमारे स्कूल के सभी गुरुओं द्वारा समय-समय पर हमें पढ़ाने में मेहनत की है। वहीं तनया सिंह के माता-पिता एक साधारण दंपति हैं। छात्रा का परिवार शिक्षा से जुड़ा हुआ रहा है। ग्रामीणों के साथ साथ पत्रकार साथियों ने छात्रा की सफलता के लिए शुभकामनाएं दीं और उज्जवन भविष्य की कामना की।

### दूर नहीं हुई बाधा, सड़क का काम अब भी आधा

**पथरिया, देशबन्धु।** पूर्व विधायक लखन पटेल के कार्यकाल में लोक निर्माण विभाग से एकमात्र चौड़ीकरण सौंदर्यीकरण के नाम पर सड़क स्वीकृत हुई लेकिन उसमें भी अतिक्रमण बाधक बन गया। नगर में उक्त मार्ग पर पहले से अतिक्रमण था। जिसे हटाया नही और जब सड़क कार्य शुरू हुआ तो नाप तौल करवाकर दुकानदारों के लिए चद्दरों हटाने के लिए नोटिस भेजे और फिर को निकलवाने की कार्यवाही की गई। उसके बाद भी लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों ने जगह नही खाली करवा पाए हालात यह हुआ कि जहां जगह मिली ठेकेदार ने खुदाई करवा दी। चद्दरों हटवा दिया। जिससे पूरी गर्मी भर दुकानदारों को परेशानी हुई लेकिन फिर भी कुछ नहीं कहा कि सड़क निर्माण होगा पर कोई काम नही लगा। अब बारिश शुरू हो गई जब दुकानदारों को सड़क निर्माण कार्य पूर्ण होता नही दिख रहा तो एक बार फिर दुकानों के आगे चद्दरों को लगाया जा रहा है नही तो बारिश में उनकी दुकानों में पानी का भराव होगा। नगर की जागरूक नागरिकों व दुकानदारों ने जनप्रतिनिधियों व कलेक्टर, एसडीएम के पास आवेदन देकर मौखिक अपनी परेशानी भी बताई कि सड़क नही बनने से गर्मी में धूल से और बारिश में पानी से दिक्कत होगी अगर विभाग एक बार नापतौल करके सड़क निर्माण करा दें तो दुकानदार अपनी व्यवस्था बना लें लेकिन फिर भी कोई निष्कर्ष नही निकला। वहीं विभागीय अधिकारी द्वारा भी सड़क निर्माण कार्य में ध्यान नही दिया गया जिसके कारण सड़क अधूरी है। बिना अतिक्रमण हटाये सड़क बन पाना मुश्किल है और जो अतिक्रमण किए हैं वह हटाना नही चाहता है ऐसे में सड़क कैसे बन सकती। वही अगर जनप्रतिनिधियों द्वारा निष्पक्ष तरीके से नाप तौल करवाकर एक बार प्रशासन का सहयोग कर दें तभी संभव है नही तो ऐसे ही कीचड़ पानी, गढ्डों बनें रहेंगे।

## रोटरी क्लब उपलब्ध करा रहा मरीजों को सस्ती दवा



**दमोह, देशबन्धु।** रोटरी क्लब दमोह द्वारा संचालित प्रधानमंत्री जन औषधि केंद्र विगत दो वर्षो से अपनी सेवा प्रदान कर रहा है। रोटरी क्लब एक खुली किताब है। संस्था कोई भी कार्य केवल सेवा भाव से करती है, न कि लाभ कमाने के लिए। दवाइयों से मिलने वाला लाभ केंद्र के खर्चों से अत्यंत कम होता है। गत दो वर्षों का रिकॉर्ड है संस्था ने न तो एक रुपये का लाभ कमाया है और न ही लाभ की इच्छा रखता है। बल्कि लगातार हो रहे लगभग दो लाख सत्तर हजार रुपए घाटे के बाबजूद संस्था के सदस्य मिल जुल कर केंद्र चलाने का भरपूर प्रयास कर रहे हैं। परंतु इस प्रकार के भ्रामक समाचारों के प्रकाशन से निश्चित ही हमारा सेवाभाव आहत होगा,हमें दुख होगा। इस संस्था जैसे और भी संस्थाओं का सेवाभाव आहत न हो,इसीलिए हम अपना पक्ष रख रहे हैं। संस्था दमोह के नि:शक्त एवं बुजुर्गों को लगातार काम आने वाली दवाओं को उपलब्ध कराने का निरंतर प्रयास करती है। महिलाओं एवं किशोरियों की आवश्यक सामग्री सदैव उपलब्ध रहे,यही संस्था का संकल्प है। वह दवा जोकि लंबे समय से बी0पी0 पी0आई0 से न आने पर दूसरी कंपनी की कम रेट पर रोगियों को उपलब्ध कराई जाती है। कोई भी दवाई या वस्तु बाजार से बहुत कम मूल्य पर ही उपलब्ध कराने के लिए संस्था संकल्पित है।

### स्वर्णिम मप्र बनाने के लक्ष्य को किया पूरा: अर्चना गुड्डू सिंह

**छतरपुर, देशबन्धु।** मुख्यमंत्री शिवराज सिंह के कार्यकाल के सफल 100 दिन पूर्ण होने पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने कार्यक्रम आयोजित कर सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं की जानकारी दी। बैठक में सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाए व उपलब्धियों को विस्तार से बताया गया। इस अवसर पर सभी ने अपने-अपने विचार व्यक्त किए। श्रीमती अर्चना गुड्डू सिंह ने कहा कि मुख्यमंत्री ने किसान, विद्यार्थियों, मजदूरों के लिए, महिलाओं सहित सभी वर्गो के लिए योजनाये चलाकर लाभान्वित किया है। कार्यकर्ताओं ने सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाया है। विधानसभा चुनाव में कांग्रेस ने जनता से झूठे वादेकर जीत हासिल की थी। जिसके परिणाम स्वरूप कांग्रेस को जनता ने लोकसभा चुनाव में जवाब दिया। डेढ़ वर्ष में ही कांग्रेस की सरकार गिर गई और जनता की विश्वास की जीत हुई। भाजपा की सरकार अपनी अच्छी योजनाओं और वादे पूरे किये, यही वजह है कि फिर से हमारी सरकार बनी। सरकार बनते ही 100 दिन में जो भी कार्य किए है उन योजनाओं को भी हमारे द्वारा प्रदेश की जनता तक पहुंचा कर लाभ पहुंचाया जा रहा है। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने 100 दिन में इस अल्प अवधि में प्रदेश की प्रगति के कई कीर्तिमान स्थापित किए। एक और जहां कोरोना संक्रामण को प्रदेश में करारी शिकस्त दी। उसकी संक्रमण दर को न्यूनतम लाकर खड़ा किया। इसी के सभी भाजपा नेताओं ने अपने-अपने विचार प्रकट कर सरकार की योजनाओं का व्याख्यान किया।

## जिला प्रशासन व कृषि विभाग की टीम ने मारा कृषि बीज भण्डार पर छापा



- कार्रवाई के दौरान मिली एक्सपायर दवाओं सहित कीटनाशक, रिकार्ड किया जब्त

**नौगांव, देशबन्धु।** नगर के नेशनल हाइवे पर महोबा चौराहे के पास संचालित भट्ट कृषि बीज भंडार पर शनिवार की दोपहर एसडीएम, तहसीलदार सहित कृषि विभाग की टीम ने संयुक्त रूप से छापामार कार्यवाई करते हुए बीज भण्डार का रिकार्ड चेक करते हुए मौके पर एक्सपायरी दवाएं एवं कीटनाशक अवैध रूप से पाए जाने पर कार्यवाई करते हुए एक्सपायरी दवाएं एवं कीटनाशक को जब्त कर चपला लगाकर सील्ड करते हुए कार्यवाई करते हुए जप्त की गई 14 प्रकार की दवाओं का सैम्पल लैब टेस्ट भेजा जा रहा है। कृषि विभाग के अधिकारियों के अनुसार टेस्ट रिपोर्ट आने के बाद कार्यवाई की जायेगी।

नौगांव एसडीएम विनय द्विवेदी, तहसीलदार बीपी सिंह, नायब तहसीलदार शैवाल सिंह एवं सहायक संचालक डॉ बीपी सूत्रकार सहित राजस्व विभाग एवं कृषि विभाग की टीम ने शनिवार की दोपहर शहर में स्थित भट्ट कृषि बीज भण्डार का औचक निरिक्षण किया। निरीक्षण के दौरान एसडीएम विनय द्विवेदी, तहसीलदार बीपी सिंह, नायब तहसीलदार शैवाल सिंह एवं सहायक संचालक डॉ डीपी सूत्रकार ने दुकान का रिकार्ड चेक करते हुए स्टाक का मिलान किया , मिलान के दौरान दुकान में एक्सपायर डेट की दवाएं एवं अमानक कीटनाशक मिला। जिस पर कृषि विभाग के सहायक संचालक डॉ बीपी सूत्रकार ने एक्सपायर डेट की दवाएं एवं अमानक कीटनाशक मिलने पर सभी को जप्त करते हुए बोरियों में भरकर सील्ड करने की कार्यवाई की गई।

कृषि विभाग के सहायक संचालक डॉ बीपी सूत्रकार का इस मामले में कहना है कि नौगांव क्षेत्र से बार- बार अमानक एवं नकली सामग्री बेचने की शिकायत मिल रही थी। जिस पर एसडीएम विनय द्विवेदी, तहसीलदार बीपी सिंह, नायब तहसीलदार शैवाल सिंह एवं सहायक संचालक डॉ बीपी सूत्रकार सहित राजस्व विभाग एवं कृषि विभाग की टीम के द्वारा कार्यवाई की गई, कार्यवाई के दौरान एक्सपायर डेट की दवाएं एवं अमानक कीटनाशक मिला है जिस पर 14 प्रकार की एक्सपायर डेट की दवाएं एवं अमानक कीटनाशक को जप्त करते हुए सभी के सैम्पल लैब टेस्ट के लिए भेजे जा रहे हैं। लैब टेस्ट रिपोर्ट आने के बाद कार्यवाई की जायेगी। हालाँकि एक्सपायर डेट की दवाएं एवं अमानक कीटनाशक को जप्त कर लिया गया है।

### चन्द्रपुरा गांव में सरकारी जमीन पर रखी अवैध रेत जब्त

# रेत के अवैध भंडारण पर खनिज विभाग की कार्रवाई



***नौगांव, देशबन्धु।*** *नौगांव थानान्तर्गत गर्रौली चौकी क्षेत्र के चन्द्रपुरा गाँव में खनिज विभाग ने कार्यवाई करते हुए 177 घनमीटर अवैध रेत के भंडारण पर कार्रवाई करते हुए अवैध रेत जब्त की है। खनिज विभाग की टीम ने अवैध रेत जप्त करते हुए सरपंच, सचिव सहित कोटवार के सुपुर्द कर दी है। नौगांव थाना क्षेत्र के गर्रौली चौकी अंतर्गत ग्राम चंद्रपुरा में पंचायत की सूचना पर खनिज अधिकारी रमाकांत तिवारी द्वारा रेत माफियाओं द्वारा शासकीय भूमि पर अवैध रूप से भंडारण किए हुए 6 डम्प सील किए गए हैं। एक डम्प लगभग 177 घन मीटर का है। डम्प सील कर पंचायत कर्मचारियों सरपंच सचिव और कोटबार के सुपुर्द बालू दे दी गई । अवैध भंडारण 6 जगहों पर था 2 डम्प श्मशान घाट के पास एवं सिद्ध बब्बा स्थान पर बालू माफ़िया द्वारा बालू का डम्प किया गया था। जिस पर छापामार कार्रवाई की गई।*

#### इनका कहना है

*ग्राम सरपंच द्वारा शिकायत की गई थी कि शासकीय भूमि पर अवैध रेत का भंडारण किया गया है जिसमें मौके पर जा कर कार्यवाही की गई। इसके साथ ही सील करके पंचायत के सुपुर्द कर दिया गया है। जिनके द्वारा अवैध भण्डारण किया गया है। उनकी जांच करके कार्यवाही की जाएगी।*

***रमाकांत तिवारी,*** *खनिज अधिकारी छतरपुर*


**HDFC BANK** We understand your world

**प्रधान कार्यालय** : एचडीएफसी बैंक हाउस, सेनापती बापट मार्ग, लोवर परेल (पश्चिम) मुम्बई - 400 013
**क्षेत्रीय कार्यालय** : एचडीएफसी बैंक लि., डिपार्टमेंट फॉर स्पेशल ऑपरेशन्स, सावित्री, 597-3/2, जी.सी.एफ. रोड़, सिविल लाईन, जबलपुर (म.प्र.) - 482001.

**ई-नीलामी विक्रय सूचना**

**अचल संपत्तियों की ई-नीलामी बिक्री हेतु सार्वजनिक सूचना**

प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली 2002 के नियम 8(6) के प्रावधान के साथ पठित वित्तीय आस्तियों के प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्गठन और प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के तहत बैंक को बंधक अचल परिसंपत्तियों की बिक्री के लिए ई-नीलामी की बिक्री सूचना।

जैसा कि, वित्तीय परिसंपत्तियों के प्रतिभूतिकरण एवं पुर्ननिर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम 2002 की धारा 13(2) के अंतर्गत जारी मांग सूचना के अनुपालन में बैंक के बकाए नीचे वर्णित ब्याज की वसूली के लिए उसकी बिक्री करने के अधिकार के साथ एचडीएफसी बैंक के प्राधिकृत अधिकारी के रुप में अधोहस्ताक्षरी ने निम्नलिखित ऋण खाताओं में निम्नलिखित संपत्तियों का भौतिक अधिग्रहण कर लिया है तथा ऋणी(यों)/बंधककर्ता(ओं)/जमानतदार(रों) द्वारा उसके भुगतान में विफलता के बाद उक्त नियमावली के नियम 8 के साथ पठित उक्त अधिनियम की धारा 13 (4) के अंतर्गत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए बैंक के बकाया की वसूली के लिए अधोहस्ताक्षरी **''जैसा है जहां है, जो भी वहां है तथा बिना सहारा के आधार पर''** उसकी बिक्री का प्रस्ताव करते हैं। नीचें दी गई संपत्तियों की बिक्री ई-नीलामी के माध्यम से वेब पोर्टल **https://www.bankeauctions.com** पर आयोजित की जावेगी।

**अचल संपत्तियों का विवरण/ खाते/ राशि/ ईएमडी/ इत्यादी का विवरण**

| क्रं. | शाखा एवं खाता का नाम | संपत्ति के बंधककर्ता एवं जमानतदारों के नाम | समान बंधक संपत्ति का विवरण | मांग सूचना के अनुसार राशि / मांग सूचना दिनांक | निरिक्षण की तिथी एवं समय | आरक्षित मूल्य / ईएमडी / बोली बढ़ाने की राशि | ई-नीलामी की तिथी/समय | बोली प्राप्ती हेतु अंतिम तिथी | प्राधिकृत अधिकारी का नाम/ फोन नं./ ई-मेल आईडी |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | **शाखा** - छतरपुर एवं खाता - **जय शिव इंटरप्राईजेस** | **श्री आजाद कुमार अग्रवाल एवं श्री शंकर लाल अग्रवाल** | वार्ड नं. 08, मकान नं. 295, ग्राम-गुलगंज, तेहसील-बिजावर, जिला-छतरपुर (म.प्र.) स्थित संपत्ति। संपत्ति मालिक : श्री आजाद कुमार अग्रवाल | रु. 12,86,160.90 / दिनांक 13/05/2016 | 05/08/2020 एवं समय- प्रात: 10.00 बजे के बाद | Rs. 17,24,000/- / Rs. 1,72,000/- / Rs. 10,000/- | 02/09/2020 प्रात: 11 बजे से दोपहर 01 बजे तक | 28/08/2020 सायं 4 बजे तक | आशिष रावत 9981126266 Ashish.rawat9@hdfcbank.com |

**नियम एवं शर्ते**

1. ई-नीलामी **''जैसा है जहां है, जो भी वहां है तथा बिना सहारा के आधार पर''** आयोजित की जा रही है।
2. इच्छुक बोलीदाता को लागिन आईडी एवं पासवर्ड के माध्यम से वेबपोर्टल **https://www.bankeauctions.com** पर ईएमडी के विवरणों तथा दस्तावेजों को जमा करना होगा (यूजर आईडी तथा पासवर्ड **https://www.bankeauctions.com** पर नाम पंजीकृत कर नि:शुल्क प्राप्त किया जा सकता है) ईएमडी का भुगतान अधोलिखित खाता नं. : 02400930000063, खाता का नाम : FUNDS TO BE CLEARED : DOC SERV, लाभार्थी का नाम : एचडीएफसी बैंक लि., आईएफएससी कोड : HDFC0000240 में एनईएफटी/आरटीजीएस द्वारा करना होगा। कृपया ध्यान दें कि चेक/डिमांड डाफ्ट ईएमडी राशि के रुप में स्वीकार नहीं किए जायेंगे।
3. प्राधिकृत अधिकारी की सर्वश्रेष्ठ जानकारी में बैंक के रिकॉर्ड अनुसार संपत्ति पर कोई भार अर्थात संविधिक बकाया जैसे संपत्ति कर, सोसायटी बकाया आदि नहीं है। फिर भी बैंक, आदि कोई हो किसी भी वर्तमान/भूतकाल/भविष्य बकाया असंविधिक बकाया/संविधिक बकाया/अधिभारों/करों के बकाए के लिए उत्तरदायी नहीं होगा। इच्छुक बोलीदाता अधिभारों, संपत्ति/यों के टाइटल के विषय में अपनी स्वतंत्र जांच कर स्वयं को संतुष्ट कर लें। **संपत्ति का निरिक्षण उपर वर्णित तिथी एवं समय में ही किया जा सकता है।**
4. ईएमडी जमा किए होने वाले इच्छुक बोलीदाताओं जिन्हे लॉगीन आईडी एवं पासवर्ड बनाने, डेटा अपलोड करने, बोली जमा करने, ई-नीलामी प्रक्रिया पर प्रशिक्षण प्राप्त करने के लिए सहयोग अपेक्षित हो, वे हमारे सेवा प्रदाता **मे. सी 1 इंडिया प्रा. लि., प्लाट नं. 301, गल्फ पेट्रोकेम बिल्डिंग, उद्योग विहार, फेज-2, गुड़गांव, हेल्पलाईन नं. 0124-4302020/ 21/22/23/24, श्री दानिश खान, मोबाईल : 09826804343, 09111444797 एवं श्री हरीश गोवडा मो.: 09594597555,** हेल्पलाईन ई-मेल आईडी : **support@bankeauctions.com** से संपर्क करें तथा संपत्ति संबंधि पूछताछ के लिए उपरोक्त संबंधित प्राधिकृत अधिकारी से कार्यालय अवधि (प्रात: 10.00 बजे से सायं 5.00 बजे) के दौरान कार्यदिवसों को संपर्क करें।
5. उच्चतम बोली एचडीएफसी बैंक लिमिटेड की स्वीकृती के अधीन होगी। प्राधिकृत अधिकारी को उसका कोई भी कारण बताए बिना प्राप्त किए गए किसी भी प्रस्तावों/बोलियों को स्वीकार/निरस्त करने का अधिकार है। उनका निर्णय अंतिम तथा मान्य होगा।
6. **(विस्तृत नियमों एवं शर्तो के लिए कृपया हमारी वेबसाईट www.hdfcbank.com तथा www.bankeauctions.com देखें)**

**सरफेसी अधिनियम, 2002 के नियम 8(6) के तहत सांविधिक 30 दिनी बिक्री सूचना**

प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 8(6)/ नियम 9(1) के अंतर्गत ऋणियों एवं जमानतदारों को ऊपर लिखी गयी तिथि पर ई-नीलामी करने की सूचना के रुप में भी समझा जाएगा। ऋणी/जमानतदारों/बंधककर्ताओं को एतद्वारा नीलामी से 30 दिन पूर्व उपरोक्त अनुसार अद्यतन ब्याज और सहायक व्ययों सहित भुगतान करने के लिए अधिसूचित किया जाता है, अन्यथा संपत्ति की नीलामी/बिक्री की जायेगी और बकाया देय राशि यदि कोई हो, की वसूली ब्याज और लागत सहित की जायेगी।

**दिनांक : 04/07/2020, स्थान : जबलपुर, मध्य प्रदेश**

**प्राधिकृत अधिकारी**
**एचडीएफसी बैंक लिमिटेड**